गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाने के आदेश

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने गोहाना, गन्नौर तथा सोनीपत अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्य का लिया जायजा

संजय कुमार मिश्रा

सोनीपत (जगमार्ग न्यूज)। पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवन विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने शुक्रवार को गोहाना, गन्नौर तथा सोनीपत अनाज मंडी पहुंच कर गेहूं खरीद कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी रहे। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आने दें तथा गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाएं। इस दौरान एसीएस अनाज मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत की और फसल खरीद की व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने गेंहू उपज की गुणवत्ता की जांच की और कहा कि किसान मंडियों में अपनी उपज को सुखाकर बिक्री के लिए लाएं। उन्होंने कहा कि जिला में गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है, ऐसे में मंडियों में किसानों की उपज की खरीद में किसी प्रकार की कोई अड़चन न आने पाएं, इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

एसीएस ने खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से बारदाने की उपलब्धता, नमी मापक यंत्र के अलावा अन्य कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नमी के मानकों को ध्यान में रखते हुए खरीद की जाए। फसलों के उठान को लेकर भी एसीएस ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि एजेंसियां तय समय में फसल का उठान करते हुए गोदाम तक पहुंचाएं ताकि बारिश व अन्य कारणों से गेहूं व अन्य फसलों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को किसानों के लिए अनाज मंडियों में बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौसम खराब होने के दृष्टिगत मंडियों में पर्याप्त मात्रा में तिरपाल इत्यादि का समुचित प्रबंध किया जाए। उन्होंने किसानों से क्रमानुसार मंडी में गेहूं लेकर आनी की अपील की।

गेहूं के अवशेष जलाने पर लगाई गई रोक, फसल अवशेष जलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

सोनीपत। जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए जिला सोनीपत की सीमा में भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत गेहूं की फसल के अवशेषों को जलाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 20 जून 2024 तक लागू रहेंगे। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि अगर कोई व्यक्ति इन आदेशों की पालना नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि कहा कि खेतों में किसानों द्वारा गेहूं कटाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में कुछ किसानों द्वारा कंबाइन से और कुछ हाथों से गेहूं की कटाई की जा रही है। ऐसे समय में अगर खेतों में बचे हुए गेहूं के अवशेषों को आग लगाते हैं तो इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है और मानव जीवन को खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से पशुओं के लिए चारे के कमी के साथ-साथ तापमान के बढ़ने की संभावनाएं बनी रहती है।

नौल्था साइलो मे काटें के तोल की जांच के लिए पहुंचे नायब तहसीलदार

जगमार्ग न्यूज

- साइलो मेनेजर को लेवर व स्पीड बढाने के दिए निदेश

इसराना। नौल्था गांव के पास स्थित साइलो मे लगे काटे के तोल मे अंतर का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को इसराना नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा भी जांच करने के लिए पहूंचे। उन्होंने साइलो मे लगे काटे की जांच की और वहां लाइनों मे खडे गाडी चालकों से अनलोडिंग को लेकर जानकारी ली। उन्होंने साइलो के मेनेजर को लेवर बढाने और गाडियों को जल्द खाली करने के स्पीड बढाने के निदेश दिए।

बता दे कि बीती बुधवार को आढतियों ने साइलो मे लगे काटें मे अंतर बताने की शिकायत एफसीआई को की थी। जिसके बाद एफसीआई के अधिकारी ने तोल मे अंतर मिलने के कारण साइलो के काटे को बंद करा दिया था।

अगले दिन बीते वीरवार को एडीसी पंकज यादव व इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल ने साइलो मे पहुंच कर जांच कर काटां ठीक करवा कर दोपहर दो बजे काटां का तोल शरू करवाया था। जिससे करीब 28 घंटे तक गाडी चालकों को लाइनों मे खडा होकर सारी रात गाडियों का पहरा देना पडा। पानीपत जिले के मंडियों मे गेहूँ की खरीद की जा रही है।

मंडियों से नौल्था स्थित साइलो मे गेहूँ एफसीआई के जरिए भंडारण किया जा रहा है। साइलो के कांटे मे अंतर आने के कारण एफसीआई के अधिकारियों ने बुधवार की सुबह ही कांटे का तोल बंद करा दिया था। इसराना नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा ने जागरण को बताया कि साइलो मे जाकर उन्होंने कांटें का तोल की जांच की है। जिसका तोल ठीक मिला है। वहां अनलोडिंग के लिए आए गाडी चालकों की ज्यादा समय लगने की समस्या सामने आई है, इसके लिए साइलो के मेनेजर को जल्द से जल्द लेवल और स्पीड बढाने के निदेश दिए गए हैं।

कीर्ति ने रेसलिंग में जीता रजत, अतुल फ्री स्टाइल में लाए गोल्ड

जगमार्ग न्यूज

इसराना। इसराना की बेटी कीर्ति जागलान ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के 53 किलो भार वर्ग में कुश्ती में सिल्वर मेडल जीत कर गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। सिल्वर मेडल जीतने पर गांव में खुशी का माहौल है। इससे पहले गत वर्ष दिसंबर में हुए आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में कीर्ति जागलान गोल्ड मेडल जीत चुकी है। इसराना के चरण सिंह जागलान की छोटी बेटी कीर्ति जागलान का स्कूल स्तर से ही रुझान कुश्ती की तरफ था। सबसे पहले कक्षा सातवीं में पढ़ते हुए स्कूली खेल प्रतियोगिता में कुश्ती में राज्य स्तर पर 38 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जितने पर कीर्ति का सलेक्शन साईं हिसार में हुआ। कीर्ति जागलान ने नैशनल स्तर पर 53 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। खेलों इंडिया गेम्स में भोपाल में भी गोल्ड मेडल जीता कर गांव इसराना ओर प्रदेश का नाम रोशन किया है। चरण सिंह जागलान ने बताया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 24 से 26 अप्रैल तक हुए सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में 53 किलोभार वर्ग में सिल्वर मेडल जीत कर प्रदेश व गाँव का गौरव बढ़ाया है।

अतुल 65 किलोभार वर्ग में गोल्ड विजेता

इसराना। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित हुई फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एंव वीमेन रेसलिंग फेडरेशन कप-2024 में पूठर के खिलाडी अतुल घणघस ने फ्री स्टाइल के 65 किलोभार वर्ग में गोल्ड मेडल जीत कर गांव के साथ जिला का नाम रोशन किया। अतुल घणघस के गोल्ड जितने पर गांव पूठर में खुशी का माहौल है। अतुल घणघस के गाँव लौटने पर विजेता खिलाडी को जोरदार स्वागत किया जाएगा। शुक्रवार को अतुल की उपलब्धि पर परिजनों को बधाई देने ग्रामवासियों का तांता लगा रहा। बता दे कि इससे पहले गत वर्ष दिसंबर माह में चंडीगढ़ में हुई आल इंडिया यूनिवर्सिटी रेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप में अतुल घणघस ने सिल्वर मेडल जीत पर कब्जा जमाया था। वह पंजाब में गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है व रोहतक के मेहर सिंह अखाड़ा में प्रैक्टिस कर रहा है।

दिपांशू के कांग्रेस उम्मीदवार घोषित होने पर ढोल बजाकर लड्डू बांटें

जगमार्ग न्यूज

पानीपत। करनाल लोकसभा सीट पर युवा चेहरा दिपांशू बुद्धिराजा की घोषणा होने पर यहां पानीपत के लाल बत्ती चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर व लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता दीपक खटकड़, रमेश मलिक ने कहा कि कांग्रेस ने साबित किया कि वह गरीब, किसान, मजबूर, व्यापारी के हित की पार्टी है।

कांग्रेस ने भाजपा के उस भ्रण को तोड़ दिया है जिसमें वह कहती थी कि भाजपा गरीबों की पार्टी है। वहीं, रमेश मलिक ने कहा कि दिपांशू एक युवा चेहरा है और उनका रिकार्ड भी युवाओं की लड़ाई लड़ने का रहा है। दिपांशू इस चुनाव में करीब सात लाख मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का उम्मीदवार आज जेड प्लस सिक्योरिटी के साथ घूम रहा है। क्योंकि उन्हें डर है कि कही कोई उनसे काम के बारे में सवाल ना पूछ लें। सतपाल रोड़ ने कहा कि भाजपा जा रही है। ऊपर से भी ओर नीचे से भी। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में इंडिया गठबंधन 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

कुमारी शैलजा सिरसा से कांग्रेस उम्मीदवार घोषित

नरवाना(जगमार्ग न्यूज)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य कुमारी शैलजा को लोकसभा सिरसा से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी बनाए जाने पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सतबीर दबलैन एवं पूरी टीम ने मिठाई बांटकर और आतिशबाजी चलाकर खुशी जाहिर की। दबलैन ने कुमारी शैलजा को बुक्का भेंट कर सम्मानित किया। दबलैन ने कहा कि कुमारी शैलजा सर्वसमाज की नेता है उन्होंने हमेशा गरीब, किसान,मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी छोटे-छोटे दुकानदार कि आवाज को बुलंद किया है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्य कर्ता जनता के बीच जाकर लोगों से मिल रहा है और चुनाव में जनता ही अब सत्ता परिवर्तन करके जवाब देगी। युवाओं का जोश बता रहा है कि पूरा क्षेत्र कांग्रेस के साथ है।

पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले नाबालिग को किया गिरफ्तार, चोरी की 3 बाइक बरामद

जगमार्ग न्यूज

मतलौडा। पाथरी शीतला माता के मेले से बाइक चोरी करने वाले एक नाबालिग शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी से बाइक चोरी की 4 वारदातों का खुलासा हुआ। उरलाना चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पाथरी मेले से 10 अप्रैल को चोरी हुई एक स्प्लेंडर बाइक सहित नाबालिग आरोपी को 20 अप्रैल को हिसार के थाना नारनौद पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया था। थाना नारनौद पुलिस ने बाइक को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना नारनौद में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया था जहां से आरोपी की बेल हो गई थी।

थाना उरलाना चौकी पुलिस टीम ने सूचना मिलने पर गुरुवार को नाबालिग आरोपी को गांव भागखेड़ा जिला जींद से डिटेन कर पूछताछ की तो नाबालिग आरोपी ने पाथरी मेले से बाइक चारी की 3 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकार किया ।

नाबालिग आरोपी ने पुलिस को बताया उसको बाइक चलाने का शौक है। बाइक चलाना का शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने एकाएक कर पाथरी मेले से 4 बाइक चोरी की। आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से चोरीशुदा 3 बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी को आगे कार्रवाई करते हुए जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह मधुबन भेजा गया।

सट्टा खाईवाल के आरोप में एक आरोपी काबू

नरवाना। गढ़ी थाना पुलिस ने गांव पीपलथा से एक आरोपी भोले-भाले लोगों को रुपये कमाने का लालच देकर सट्टा खिलाने के आरोप में काबु किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान राजबीर वासी पीपलथा के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गढ़ी पुलिस के मुख्य सिपाही गुरनैब सिंह को गुप्त सूचना मिली कि राजबीर वासी पीपलथा अपने मकान के सामने खडा होकर सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है और ऊंची-ऊंची आवाज में कह रहा है कि आओ सट्टा लगाओ सट्टा किस्मत का खेल है और लगाया हुआ नम्बर आ गया तो 1रुपये के बदले 90 रुपये मिलेगें। जिस सूचना पर पुलिस की टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए एक कर्मचारी को बोगस सट्टेबाज नियुक्त करके सूचना अनुसार व्यक्ती के पास भेजा। बोगस ग्राहक ने आरोपी राजबीर के पास जाकर 100 रुपये पर सट्टा लगा कर अपनी टीम की तरह इशारा किया तभी टीम ने तुरंत प्रभाव से आरोपी राजबीर को रंगे हाथों काबू कर लिया। आरोपी से गहनता से पूछताछ करके तलाशी लेने पर उसकी पेंट जेब से सट्टा पर लगाई 2810 रुपये की राशि बरामद हुई। जिस पर आरोपी के खिलाफ गढ़ी शहर थाना में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गेहूं की लिफ्टिंग कम होने से मंडी जाम

समालखा (जगमार्ग न्यूज)। नई अनाज मंडी में गेहूं की आवक लगातार तेज हो रही है लेकिन उठान की गति धीमी होने के कारण मंडी जाम की स्थिति बनी हुई है। इसके साथ ही आढतियों का कहना है कि ठेकेदार भी अपनी मनमानी कर रहा है। उल्लेखनीय है कि करीब दो सप्ताह पहले मंडी में गेहूं की आवक षुरू हुई थी और अब गेहूं की आवक अपने चरम पर है। मंडी में अभी तक गेहूं की करीब 7,73,833 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। मंडी में गेहूं की आवक व खरीद जारी है। सचिव सविता जैन ने बताया कि मंडी में अभी तक 7,73,833 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें सरकारी व प्राईवेट एजेंसियों ने 733250 क्विंटल खरीद की है। इसमें सरकारी एजेंसियों ने 630581 क्विंटल खरीद की है। हैफेड ने 246178 क्विंटल, वेयर हाउस ने 51342 और फूड एंड सप्लाई ने 333061 क्विंटल खरीद की है वहीं प्राईवेट एजेंसियों ने 102669 क्विंटल खरीद की है। आढतियों ने बताया कि मंडी में उठान की गति धीमी है। कई बार कहने के बावजूद भी उठान कम हो रहा है। आढतियों ने ठेकेदार पर अभद्र व्यवहार करने को लेकर रोष भी व्यक्त किया था।

सतपाल ब्रह्मचारी, सोनीपत लोस पर खेलेंगे कांग्रेस की पारी

सुरेन्द्र कुमार

जींद(जगमार्ग न्यूज)। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतार कर बडा खेला कर दिया। सीधे तौर पर सोनीपत लोकसभा सीट पर अब बीजेपी की राह आसान नही रही है। सतपाल ब्रह्मचारी को कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने से सोनीपत लोस के पूरे राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। भाजपा ने ब्राह्मण समाज के मोहनलाल बडोली को मैदान में उतार गैर जाट कार्ड खेला। वहीं कांग्रेस ने भी गैर जाट का कार्ड खेलते हुए जींद जिले के ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी गांव गांगोली निवासी सतपाल ब्रह्मचारी पर दांव खेला है। जो धार्मिक संत भी हैं। जींद जिले की जींद, सफीदों तथा जुलाना तीन विधानसभा सोनीपत लोकसभा में आती है। जो सोनीपत लोकसभा में हार व जीत का फैसला करती है। सोनीपत लोकसभा के नौ विस क्षेत्रों में से पांच पर कांग्रेस विधायक हैं। जबकि जुलाना विस जजपा के खाते में है। दूसरा बड़ा फैक्टर सबसे बडा वोट बैंक जाट का भाजपा से नाराज होना है। जींद जिले से सतपाल ब्रह्मचारी को कांग्रेस टिकट पर उतार कर सबसे बड़े वोट बैंक जाट, दूसरे नंबर के ब्राह्मण वोट बैंक के साथ जींद जिले की तीन विधानसभा के वोट बैंक को साधने का कार्य किया है। चल रहे बड़े वोट बैंक के साथ ब्राह्मण समाज को साधने का काम किया है। भाजपा के प्रत्याशी मोहनलाल ने अपना प्रचार भी शुरू किया हुआ है। जबकी ब्रह्मचारी का नाम बच्चे-बच्चे की जुबान पर है।

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिला पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

जगमार्ग न्यूज

जींद। लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के मार्गदर्शन में उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय जोगेंद्र सिंह के नेतृत्व में जींद शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक पवन मलिक ने बताया कि जिला पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स ने मिल कर शहर जींद के एरिया में फ्लैग मार्च किया गया है। जिससे लोग बिना किसी डर के शांतिपूर्वक मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के करीब 125 जवान मौजूद रहे। यह फ्लैग मार्च थाना शहर जींद से शुरू होकर करीब एक किलोमीटर मैन बाजार में पैदल व रुपया चौक से वाहनों के साथ पटियाला चौक, टैंडरी मोड होते हुए देवीलाल चौक से सीआरएसयु रोड से गोहाना रोड व अर्बन स्टेट का एरिया कवर किया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने व धमकाने की कोशिश करता है तो उसके संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

चुनाव 2024 6 मई तक कर सकेंगे लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन: मनोज कुमार

नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए हर प्रकार की तैयारियां करने के दिए निर्देश

जगमार्ग न्यूज

- नामांकन के लिए 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों को मिलेगी तीन वाहनों को लाने की अनुमति

सोनीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मनोज कुमार ने लोकसभा के आम चुनावों के मद्देनजर चुनाव तहसीलदार को नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए हर प्रकार की तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांकन दाखिल करने के स्थान की सौ मीटर की परिधि में विशेष नियमों की अनुपालना करनी होगी। इस परिधि में प्रत्याशियों को केवल तीन वाहनों को लाने की अनुमति रहेगी।

हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत 29 अप्रैल को होगी जो कि 6 मई तक जारी रहेगी। नामांकन की तैयारियों के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि निर्धारित समयावधि में केवल रविवार के दिन नामांकन नहीं लिया जाएगा।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने नामांकन के लिए की जाने वाली सभी तैयारियों की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से चुनाव तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे नियमों की अनुपालन करते हुए सभी तैयारियां पूर्ण करें। विशेष रूप से निर्धारित परिधि को रेखांकित करवाते हुए निर्वाचन अधिकारी कक्ष तक जाने के रास्ते के लिए साइनेज लगवायें। मतदाता सूची की कॉपियां तैयार करवायें। प्रिंटर सहित कंप्यूटर सेट की व्यवस्था करें। सीसीटीवी की व्यवस्था के साथ वीडियोग्राफी सुनिश्चित करें। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के बार नोटिस बोर्ड की व्यवस्था करें जिस पर प्रत्याशियों के एफिडेविट की कॉपियां चस्पाना सुनिश्चित करें और ऑनलाइन आवेदन करने वाले प्रत्याशी के शपथ पत्र को क्यूआर कोड से स्कैनिंग की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को निर्देश दिए कि वे कैश लेकर रिसिप्ट देते हुए ट्रेजरी में जमा करवाना सुनिश्चित करें। प्रत्याशियों के एफिडेविट की पूर्ण जांच करें, जिसमें कोई भी कॉलम रिक्त नहीं रहना चाहिए तथा हर पेज पर नोटरी अथवा एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट और प्रत्याशी के हस्ताक्षर अवश्य हों। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव तहसीलदार को चुनाव चिन्ह की लिस्ट, अयोग्य प्रत्याशियों की लिस्ट, राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्हों की लिस्ट इत्यादि तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के सीईओ डा.सुशील मलिक, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआईओ विशाल सैनी, एडीआईओ विजय, ओके दहिया, संजय श्रीवास्तव आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

मिस फेयरवेल काजल तो मिस ब्यूटी बनी खुशी

जगमार्ग न्यूज

मतलौडा। राजकीय महिला महाविद्यालय फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के उपप्राचार्य रामनिवास जंगम द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। फेयरवेल में छात्राओं ने सोलो डांस,ग्रुप डांस,हरियाणवी डांस के साथ चुटकले व गजल पेश की।

बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल काजल, मिस ब्यूटी खुशी,मिस पर्सनालिटी ज्योति व ऑलराउंडर पूजा को चुना गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अध्यापक, स्टाफ सदस्य, एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

सुनीता राज आर्य ओबीसी प्रकोष्ठ की महासचिव नियुक्त

समालखा (जगमार्ग न्यूज)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में ओबीसी प्रकोष्ठ का महासचिव नियुक्त किए जाने पर सुनीता राज आर्य एडवोकेट समालखा ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगी।चुनाव के रण में पूरी लगन व निष्ठा से कार्य किया जाएगा। श्रीमति आर्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन लोक सभा चुनावों में जीत का एक नया इतिहास रचने जा रहा है।आर्य ने इस नियुक्ती पर कांग्रेस नेतृत्व कुमारी शैलजा का आभार जताया है।

पाइट एनसीआर में दिव्या, तान्या और नैंसी गर्ग को मिस फेयरवेल का खिताब

समालखा (जगमार्ग न्यूज)। पाइट एनीसीआर कॉलेज में बीए, बीकॉम के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश, बोर्ड सदस् य शुभम तायल व प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज ने दीप प्रज् वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने सांस् कृतिक प्रस् तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बीए इकॉनोमिक् स से दिव् या, बीए इंग्लिश से तान् या और बीकॉम से नैंसी को मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। बीए इकॉनोमिक् स से चिराग, बीए इंग्लिश से नमन और बीकॉम से निपुण को मिस् टर फेयरवेल का अवार्ड दिया गया। बीकॉम के अंकुश को मिस् टर पर्सनैलिटी एवं बीकॉम ऑनर्स से विशाखा को मिस गॉर्जियस चुना गया। सामाजिक सरोकार के कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सम् मानित किया गया। कॉलेज लाइफ आपको बहुत कुछ सीखाती है। जीवन में हमेशा विनम्र रहें। मेहनत से ही सफलता हासिल होती है। इसका कोई शार्टकट नहीं होता।

18 वर्षीय लड़की संदिग्ध परिस्थिति में लापता

मतलौडा (जगमार्ग न्यूज)। थाना क्षेत्र से 18 वर्षीय लड़की संदिग्ध परिस्थिति में लापता होने का मामला सामने आया है। लड़की की माँ ने मतलौडा पुलिस को दी शिकायत में बताया की उसके पास 3 लड़की और 1 लड़का है। उसकी सबसे बड़ी बेटी बुधवार दोपहर 12 बजे कहीं चली गई। उसने गांव के सुमित नाम के लड़के पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति किया जागरूक

इसराना (जगमार्ग न्यूज)। डीआर इंटरनेशनल स्कूल काकोदा मे मतदान जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या मे वोट डालने को लेकर शपथ दिलाई गई। साथ ही उनको अपने परिवार और आस - पास रहने वाले युवाओं को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए स्कूल प्रिंसिपल मोना गुप्ता ने कहा कि हमे भारत का नागरिक होने के नाते लोकतंत्र मे अपनी पूर्ण आस्था रखनी चाहिए। मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकारी है। इसलिए हमे मतदान मे बढ चढ कर हिस्सा लेकर वोट डालनी चाहिए। इस वोट से ही हम अपना अच्छा प्रतिनिधि का चयन कर सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिवार के साथ आस - पास के लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल अश्विन शर्मा, पीटीआई आकार मलिक, अंशु मलिक, सीमा मलिक, मनीषा सागंवान, रेवती शर्मा, बबिता गुजराल, रूपम, सूर्यवंशी, धर्मेंद्र, प्रियंका, पुनम व सीमा खोखर उपस्थित रही।

नाले में फंसा गोवंश सुरक्षित निकाला

इसराना (जगमार्ग न्यूज)। बुडशाम गांव के अड्डे पर गंदे नाले मे एक गोवंश फसने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने मामले की सुचना गोरक्षा दल बुडशाम के सदस्यों को दी। सुचना मिलते ही गोभक्त सदस्यों ने मौके पर पहुंचे कर एक घंटे की मुशाकत के बाद गोवंश को सुरक्षित नाले से बाहर निकला। गोरक्षा दल बुडशाम के प्रधान साहिल गुलिया ने बताया कि उनकी टीम कई वर्षों से गोवंशो की सेवा करती आ रही है। उनके द्वारा लोगों को गोवंशो के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव के मेन अड्डे पर एक गोवंश गंदे नाले मे फंसे होने की सुचना दी। उसके बाद उनकी टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुंच कर गोवंश को नाले से सुरक्षित बाहर निकलाने मे कामयाब हासिल की। उन्होंने आस पास के ग्रामीणों को घायल व जख्मी गोवंशो की सुचना देने की अपील की, ताकि उनका समय पर उपचार हो सके। इस मौके पर आशीष, योगेश, साहिल, सेठी, विककी, अमन व अन्य गोभक्त शामिल रहे।

बच्चों की नींव को मजबूत करना हर शिक्षक का कर्तव्य

समालखा (जगमार्ग न्यूज)। सभी बच्चों की नींव को मजबूत करना हर शिक्षक का कर्तव्य है यदि बच्चे की नींव मजबूत हो जाती है तो उसको लक्ष्य प्राप्त करने की राह बहुत आसान होगी। जिससे वह समाज व देश की प्रगति में अपनी भागीदारी निभा सकेगा। उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू ने राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि यदि हम सब बच्चों को प्यार व मेहनत से पढ़ाएंगे तो वह कभी भी उन शिक्षकों को भूल नहीं पाएंगे। केआरपी बबिता रानी व संतोष कुमारी द्वारा गणित व हिंदी को पढाने के विभिन्न तरीकों को विस्तार से बताया गया। उन्होंने कक्षा 4 व 5 की अध्यापक संदर्शिका, कार्य पुस्तिका व पाठ्यपुस्तक के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर केआरपी प्रवीन कुमार,हरीश सिंह, रेनू, दीपक पीआरटी ने प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सबसे पहले बच्चों के पढ़ने के लिए क्लास रूम का सकारात्मक माहौल तैयार करना बहुत जरुरी है ताकि बच्चा आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सके।